19 korba- bhoomi pg1_Layout 1 5/19/2024 10:58 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 20 मई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 शहर के कई सब स्टेशन में लोड हुआ डिवाइड इस वर्ष अब तक लोड शेडिंग की नहीं आई नौबत



## खबर संक्षेप

### लक्ष्मी का राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हुआ चयन



**हरदीबाजार।** ग्राम उतरदा निवासी लक्ष्मी प्रसाद मरावी का चयन राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोध्या के लिए हुआ है। अयोध्या में यह आयोजन 4 जून से 7 जून तक होना है। वहीं बेस्ट बंगाल आल इंडिया पुलिस नेशनल गेम जुलाई में और आल इंडिया पुलिस नेशनल गेम दिल्ली में अक्टूबर में आयोजित होगा, इसके लिए लक्ष्मी प्रसाद मरावी का चयन हुआ है। लक्ष्मी प्रसाद मरावी वर्तमान में 5वीं वाहिनी जगदलपुर कंगोली जिला बस्तर में पदस्थ हैं। लक्ष्मी प्रसाद मरावी एक गरीब परिवार से हैं वे अपने अथक प्रयास और मेहनत से प्रतिदिन दौड़ कर पुलिस में भर्ती हुआ। उसके एथलेटिक्स के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए छगमास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन ने उसका चयन किया है। उसके चयन से गांव में खुशी का महौल है। साथ ही इस प्रतियोगिता में उसे सफलता मिले जिसके लिए सभी इष्ट मित्र व ग्रामवासी कामना कर रहे हैं। लक्ष्मी प्रसाद मरावी ने बताया कि रोजाना सुबह 30 किमी और शाम को 40 किमी दौड़ कर रहा हूं। इस तरह मेरा प्रेक्टिस दौड़ प्रतिदिन 70 किमी की है।

### चुनचुनी में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**कोरबा।** चुनचुनी बस्ती में यादव परिवार के द्वारा दिव्य श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 20 से 27 मई तक किया जाएगा। कथा वाचक पंडित प्रणव महराज श्रीमद भागवत कथा श्रवण कराएंगे। पंडित सतीश महराज पिसाउद वाले एवं मुकेश महराज भी कथा वाचन करेंगे। 20 मई को शाम 4 बजे भव्य कलश यात्रा निकाल कर बेदी पूजन किया जायेगा। कथा शाम 4 से 8 बजे तक चलेगी। कथा का समापन 27 मई को हवन, सहस्त्र धारा पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगी। कथा का आयोजन पवन यादव एवं परिजनों द्वारा किया जा रहा रहा है।

### 85 प्रतिशत अंकों के साथ हंसिका राठौर ने बढ़ाया मान

**कोरबा।** सीएसईबी कर्मी व छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 के प्रांतीय संगठन सचिव सरोज राठौर और अंजना राठौर की सुपुत्री कु हंसिका राठौर ने 10वी बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार का मान बढ़ाया है। सेंट विंसेंट पेलोटी स्कूल रविशंकर शुक्ल नगर में अध्ययनरत कु हंसिका राठौर ने बिना कोचिंग व टयूशन के स्वयं की पढ़ाई से यह उपलब्धि हासिल की है।पिता सरोज राठौर ने अपनी सुपुत्री कु हंसिका के इस उपलब्धि का कारण उसकी पढ़ाई के प्रति मेहनत और लगन को बताया है। कु हंसिका शुरू से ही मेघावी छात्रा रही है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए पूरे परिवार ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**कोरबा।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के भूविज्ञान विभाग में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य अखिलेश पांडेय, अध्यक्ष डॉ.केके दुबे विभागाध्यक्ष भूविज्ञान विभाग तथा भूविज्ञान विभाग के सहायक प्रध्यापक आदित्य सिंह बघेल, लेख नारायण साहू एवं सुश्री रुचि तिवारी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रो.अखिलेश पांडेय ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने भविष्य के लिए अध्ययन के प्रति प्रेरित किया। वे छात्रों को सलाह देते हुए बोले कि वे हमेशा सतत प्रयास करें और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहे। छात्रों ने अपनी शिक्षा की सफलताओं और अपने अनुभवों को साझा किया। इसके साथ ही, समारोह में संगीत, नृत्य और कविता पाठ की विभिन्न प्रस्तुतियों ने उत्साह और उत्सव की भावना को बढ़ाया।

# छत्तीसगढ़ निजी सेक्टर से सबसे अधिक बिजली उत्पादन करने वाला राज्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

छत्तीसगढ़ थर्मल संयंत्रों से देश के कुल बिजली उत्पादन के मामले में दूसरा बड़ा राज्य है। यहां राज्य, निजी एवं सेंट्रल सेक्टर से कुल 23 हजार 688 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। इसमें राज्य सरकार के विद्युत संयंत्रों की क्षमता 2840 मेगावाट है। सेंट्रल सेक्टर के संयंत्रों से 7680 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। जबकि निजी सेक्टर की बिजली उत्पादन क्षमता 13168 मेगावाट है।

राज्य निर्माण के चार साल बाद निजी कंपनियों से थर्मल विद्युत संयंत्र स्थापित करने के लिए बड़ी संख्या में एमओयू किए गए थे। प्रदेश के बाद निजी सेक्टर से बिजली उत्पादन के मामले में महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है। इस राज्य में निजी सेक्टर के थर्मल संयंत्रों से 10826 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। जबकि राज्य सरकार के संयंत्रों से 9540 मेगावाट एवं सेंट्रल सेक्टर के पॉवर प्लांट्स से 3640 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। तीसरा स्थान गुजरात का है। यहां निजी सेक्टर से 10822 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है। वर्तमान में राज्य में निजी सेक्टर के थर्मल संयंत्रों के माध्यम से सबसे अधिक बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। जिसकी वजह से छत्तीसगढ़ निजी सेक्टर से बिजली उत्पादन करने वाला गढ़ बन गया है। वर्तमान में राज्य के निजी सेक्टर के संयंत्रों से 13168 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा रहा है।

### महाराष्ट्र दूसरे तो गुजरात तीसरे पायदान पर



### बिजली उत्पादन वाले टॉप राज्य व क्षमता

| | |
|---|---|
| छत्तीसगढ़ | 13168 मेगावाट |
| महाराष्ट्र | 10826 मेगावाट |
| गुजरात | 10822 मेगावाट |
| मध्यप्रदेश | 8320 मेगावाट |
| आन्ध्रप्रदेश | 4580 मेगावाट |
| पंजाब | 3920 मेगावाट |
| तमिलनाडू | 3639 मेगावाट |
| ओडिशा | 3200 मेगावाट |
| कर्नाटक | 2060 मेगावाट |
| पश्चिम बंगाल | 2037 मेगावाट |

## 41 समितियों के अंतर्गत दर्ज है 60 हजार किसान

# फसल के लिए किसानों को इस बार बंटेगा 89 करोड़ का ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फसल के लिए इस बार किसानों को 89 करोड़ रूपये का कृषि ऋण बांटने की तैयारी राज्य सरकार द्वारा की गई है। सहकारी बैंक के माध्यम से दिए जाने वाले कृषि ऋण के लिए अप्रैल माह से किसानों से समिति के माध्यम से आवेदन मंगाए जा रहे थे, जो अभी भी जारी है। अब तक केवल 1054 किसान ही लोन ले सके हैं। हालांकि यह प्रक्रिया जून महीने तक जारी रहेगी।

बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष धान की फसल के लिए किसानों को एक बड़े लोन देने की तैयारी चल रही है। इस वर्ष जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक को 89 करोड़ रूपये का लक्ष्य मिला है, जिसके लिए सहकारी बैंक की सभी ब्रांच द्वारा समितियों के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र के किसानों से आवेदन मंगाने का काम शुरू कर दिया गया है। बीते वर्ष 50 करोड़ रूपये के ऋण बांटे गए थे। जिसकी रिकव्हरी भी इस वर्ष धान खरीदी सीजन के दौरान की गई है। बीते वर्ष 23 हजार किसानों ने ऋण लिया था। इस वर्ष यह संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। खेती का रकबा बढ़ने और समर्थन मूल्य बढ़ने के कारण अंचल के किसानों ने खेती के प्रति रूझान बढ़ने से लोन लेने वाले किसानों की संख्या भी वर्ष प्रतिवर्ष बढ़ते ही जा रही है। राज्य सरकार के द्वारा लोन देने के लिए जो मापदण्ड तैयार किए गए हैं उसके तहत 60 प्रतिशत नकद में और 40 प्रतिश वस्तु के रूप में लिया जाता है।

### खास बात

- 60 और 40 के अनुपात में बांटने की तैयारी कर रहा बैंक



फाइल फोटो

### प्रति समिति बांट रही एक से 2 करोड़ रूपये

समितियों के माध्यम से किसानों को दिए जाने वाले कृषि ऋण इस वर्ष प्रत्येक समिति कम से कम 1 करोड़ रूपये से अधिक का कृषि ऋण अपने यहां दर्ज किसानों को दे रही है। यह पैमाना उन छोटी समितियों का है जहां सबसे कम धान की खरीदी होती है। वहीं दूसरी ओर सर्वाधिक धान खरीदी करने वाली समितियों के द्वारा 3 से 4 करोड़ रूपये के ऋण राशि किसानों को बांटी जा रही है। ऋण बांटने के साथ ही ऋण वसूली के लिए भी बैंक प्रबंधन पर लगातार दबाव बढ़ता है। 89 करोड़ रूपये की एक बड़ी राशि बांटने वाले बैंक प्रबंधन के सामने लोन की वसूली की चुनौती रहती है।

### लोन वितरण के मापदण्ड

सहकारी बैंक द्वारा राज्य शासन के निर्देश पर जो मापदण्ड तय किए गए हैं उसके आधार पर सहकारी बैंक किसानों को लोन का वितरण करता है। अब तक 1054 किसानों ने ऋण प्राप्त किए हैं। जो मापदण्ड तय किए गए हैं उसके तहत सिंचित रकबे के लिए 60 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर तथा असिंचित रकबे के लिए 43 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर शामिल है। बैंक प्रबंधन की माने तो 15 मई के बाद ही लोन वितरण के कार्य में तेजी आती है। ग्रामीण अंचलों में किसान खेत बनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। कृषि विभाग ने अपने गोदाम में खाद का भंडारण भी शुरू करा दिया है।

# कुएं की करने पहुंचे थे सफाई, जहरीली गैस का रिसाव, एक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक गांव में आज उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। जब गांव में ही रहने वाले दो युवक कुएं की सफाई के लिए कुएं के नीचे उतरे हुए थे लेकिन इसी बीच संभवतः जहरीली गैस का रिसाव हुआ और दोनों कुएं में बेहोश हो गए। घटना की सूचना मिलने पर नगरसेना व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कांटे की मदद से किसी तरह दोनों को बाहर निकल गया लेकिन बाहर निकालने के दौरान एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरे को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हालांकि युवक की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुंदेली देहानपारा निवासी तीजराम के कुएं की सफाई करने के लिए उसी गांव में निवास करने वाले जगत राम 36 वर्ष पिता स्व पंचराम मंझवार व साहब लाल मंझवार 32 वर्ष पिता दशरथ मंझवार रविवार की सुबह कुएं पर उतरे हुए थे। जहां दोनों कुएं की सफाई कर रहे थे कि इसी दौरान दोनों युवक कुएं में बेहोश हो गए। जैसे ही ऊपर में मौजूद लोगों को इसकी सूचना मिली इसकी सूचना पुलिस व नगरसेना की टीम को दी गई। जहां नगरसेना की टीम व पुलिस और ग्रामीण बड़ी संख्या मौके पर पहुंचे और रस्सी और कांटे की मदद से कुएं में फंसे जगतराम व साहब लाल को किसी तरह बाहर निकाल गया। बाहर निकालने के दौरान जब स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तो जगत राम मंझवार की मौत हो चुकी थी जबकि साहब लाल मंझवार बेसुध था जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया। जगत राम की मौत के मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस का कहना है कि कुएं में संभवतः गैस की रिसाव से दोनों बेहोश हुए थे जिसमें से जगतराम की मौत हो गई है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।





घटना के बाद रोते बिलखते परिजन व मृत युवक।

# तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी, नहीं मिली राहत



इस तरह शहर में देर शाम को आयी थी अंधड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार की शाम अचानक मौसम ने अपना रुख बदला और हल्की बूंदाबांदी हुई। जहां दोपहर में तेज गर्मी थी। वहीं शाम में तेज आंधी तूफान चलने से गर्मी में थोड़ी राहत जरुर मिली लेकिन तापमान में कोई अंतर नहीं हुआ। वैसे भी मौसम विभाग का अनुमान है कि इस हफ्ते प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना है।

प्रदेश में मौसम का मिजाज नरम-गरम बना हुआ है। प्रदेश ज्यादातर हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो रही है। लेकिन मौसम का यह मिजाज ज्यादा समय तक ऐसा नहीं रहेगा। जिले में बदली और बारिश के कारण मौसम का मिजाज उतन सख्त नहीं हो पाया है जितना सामान्यतः मई के महीने में रहता है। जिले को छोड़ दें तो फिलहाल राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे बना हुआ है। रायपुर, दुर्ग और अंबिकापुर का अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे चल रहा है, लेकिन यह स्थिति ज्यादा दिनों तक नहीं रहेगी। रविवार को कुछ हिस्सों में बादल छाए हुए हैं तेज आंधी भी चली साथ ही बारिश के आसार भी बने हुए थे लेकिन बूंदाबांदी होने के बाद मौसम फिर से अपने मिजाज पर चला गया। रविवार से पारा चढ़ने की संभवना के साथ लू का खतरा बढ़ गया है।

# यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई



दुर्घटनाग्रस्त बस व लोगों व लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंबिकापुर से यात्रियों को लेकर रायपुर के लिए निकली बस रविवार की सुबह पाली के माखनपुर के सामने डिवाइडर पर चढ़ गई। इस हादसे में बस में सवार किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आयी है। अंबिकापुर से रायपुर यात्रियों को लेकर निकली बस रविवार की सुबह पाली के माखनपुर के पास डिवाइडर में चढ़ गई। इस हादसे में बस में सवार 40 से अधिक यात्री सही सलामत रहे। यात्रियों को दूसरी बस की मदद से रवाना किया गया। वहीं, बस को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि बस का सामने का टायर फटने के कारण ये हादसा हुआ है। बताया जा है कि अंबिकापुर रॉयल रोडवेज की बस अंबिकापुर से रायपुर यात्रियों को लेकर निकली हुई थी। रविवार की सुबह लगभग 5 बजे के लगभग जैसे पाली के मखनपुर सामने का टायर फटने से चालक ने अपना नियंत्रण खो बैठा और बस डिवाइडर में चढ़ गई। इस हादसे में बस में बैठे यात्रियों को किसी भी तरह से कोई चोट नहीं आई है। यात्रियों को दूसरे बस की मदद से रायपुर रवाना किया गया।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा

कटघोरा-सुतार्रा मुख्य मार्ग नर्सरी के पास अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार युवक को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतक कटघोरा स्थित कपड़े दुकान पर काम करता था। थाना कटघोरा के गांव मोहनपुर के अछीदादर नरेश राठौर 26 वर्षीय कटघोरा स्थित परिधान गारमेंट्स पर काम करता था। वह रात ड्यूटी खत्म कर शुक्रवार घर पहुंचकर सुतर्रा में विवाह कार्यक्रम शामिल होने बाद अपने दोस्तों को कटघोरा छोड़कर घर वापस लौट रहा था। तभी रात्रि 1 बजे उसकी बाइक सुतर्रा नर्सरी स्थित नाले पर पहुंची इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी। नरेश की बाइक नाले में गिर गई। हादसे में नरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। डायल 112 की सूचना पर पुलिस पहुंच कर नरेश को सीएचसी कटघोरा लाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## केरल जाने वाली जिले से सीधी रेल सेवा है

# एक माह से बंद है कोच्चिवेली एक्सप्रेस, यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले से केरल की ओर जाने वाली कोच्चिवेली एक्सप्रेस (कोच्चिन एक्सप्रेस) बीते एक माह से रद्द चलने के कारण जिले से दक्षिण भारत की ओर जाने वाले उन यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिन्होंने एक माह पूर्व ही इस ट्रेन में सफर करने के लिए अपनी सीटें बुक करा ली थी। अब उन्हें कैंसल कराने की मजबूरी हो गई है। बार-बार यात्री ट्रेनों के कैंसल होने का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।



फाइल फोटो

जिले से कोच्चिवेली एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन चलती है। साप्ताहिक ट्रेन होने एवं जिले से केरल की ओर जाने वाली एकमात्र सीधी यात्री रेल सेवा थी। जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में एवं विभिन्न संस्थानों में काम करने वाले दक्षिण भारतीय परिवारों के लिए यह ट्रेन एक बड़ी सुविधाजनक थी, किंतु रेलवे प्रबंधन द्वारा बीते एक माह से ट्रेन को रद्द करने के कारण इस ट्रेन में सफर करने वाले यात्री परेशान हैं। इस यात्री ट्रेन को शुरू करने के लिए अब तक कोई नई योजना नहीं बनाई है। यात्रा करने वाले यात्रियों में दो माह पहले ही इस गाड़ी में अपनी टिकट बुक करा ली थी, जिन्हें उन्हें कैसल कराना पड़ा। अभी भी ट्रेन के कब शुरू होने के सवाल पर रेलवे प्रबंधन की ओर से सकारात्मक जवाब नहीं होने के कारण वह भी हाथ खड़ा कर रहा है, किंतु यात्रियों की सुविधा को लेकर अभी तक ट्रेन शुरू करने के विषय पर निर्णय नही लिया गया है। दक्षिण भारत की ओर जिले से जाने वाली दूसरी यात्री ट्रेन सेवा कोरबा-विशाखापट्टलनक एक्सप्रेस है, जो प्रतिदिन कोरबा से शाम 4 बजे रवाना होती है। दक्षिण भारत की ओर जाने वाले अधिकांश यात्री इस ट्रेन का सहारा ले रहे हैं।

### स्थानीय गाड़ियों का हाल बेहाल

लंबी दूरी यात्री गाड़ियों के रद्ध होने का सिलसिला तो अनवरत जारी है, लेकिन स्थानीय स्तर पर चलाई जाने वाली फास्ट पैसेंजर एक्सप्रेस के भी हाल बेहाल हैं। कभी भी नियमित समय पर रवाना नहीं होने तथा पहुंचने की समस्या से यात्री जूझ रहे हैं। हर गाड़ी 4 से 5 घंटा प्रतिदिन लेट आ रही है। शिवनाथ एक्सप्रेस जहां 3 से 4 घंटा लेट आ रही है। वहीं लिंक एक्सप्रेस भी दो से ढाई घंटा देरी से कोरबा पहुंच रही है। शिवनाथ एक्सप्रेस तीते कई महीनों से देरी से चलने के कारण बिलासपुर कोरबा के बीच प्रतिदिन सफर करने वाले दैनिक यात्री अब परेशानी झेल रहे हैं। रेलवे प्रबंधन भी निश्चित समय पर यात्री ट्रेनों को नहीं चला पा रहा है।

### पेड़ पर लटकती मिली युवक की लाश

**कोरबा।** एक युवक की तालाब किनारे पेड़ पर फांसी के फंदे में लाश लटकती मिली है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही शुरु कर दी। करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चांपा निवासी एक 25 वर्षीय युवक की फांसी के फंदे पर झूलती लाश मिली हैं। मृतक की पहचान जगन्नाथ राठिया के रूप में की गयी हैं। मृतक खेती किसानी का काम करता था। मृतक का शव तालाब के पास पेड़ पर लटका मिला है। बताया जा रहा है कि मृतक शौच के लिये घर से निकला था। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच पंचनामा कार्यवाही की। फिलहाल मामले में जांच पड़ताल के साथ परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

19 korba- bhoomi pg2_Layout 1 5/19/2024 10:59 PM Page 1



# ऐश्वर्या, कियारा और उर्वशी ने ढाया कहर



## कान्स फिल्म फेस्टिवल

*पेरिस। 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में ऐशवर्या राय बच्चन अपना जादू चला रही हैं। दूसरे दिन उन्होंने अपने स्टाइलिश लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। ऐश्वर्या राय ने चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल में अपने पहले दिन के लुक से खूब लाइमलाइट बटोरीं तो वहीं अब एक्ट्रेस के दूसरे दिन का लुक भी चर्चा में बना हुआ है। अपनी खूबसूरती ही नहीं बल्कि फैशन सेंस के लिए भी दुनियाभर में मशहूर ऐश्वर्या राय ने कांस के दूसरे दिन बहुत ही यूनिक गाउन पहना हुआ था। पिछले 22 साल से कांस फिल्म फेस्टिवल में अपने स्टाइल और डिफरेंट आउटफिट से लोगों का दिल जीतने वाली भारतीय अभिनेत्री ऐश्वर्या राय का दूसरे दिन का लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एकदम नए लुक में नजर आ रही हैं। ऐश्वर्या ने कांस के सेकंड डे अपीयरेंस में सिल्वर और ब्लू कलर का गाउन पहना था, जिसमें वह बला की खूबसूरत दिख रही हैं।*



## रौतेला पिंक गाउन में दिखीं सुपर स्टाइलिश

*इन-दिनों उर्वशी रौतेला कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 के लिए फ्रेंच रिवेरा में हैं। एक्ट्रेस ने रेड कार्पेट पर वॉक किया। पिंक गाउन में वह बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। उर्वशी रौतेला ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में खालिद एंड मारवान लेबल की ओर से डिजाइन किए गए गुलाबी गाउन में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की। गाउन के चारो ओर फेदर लगे हुए थे, वहीं उन्होंने माथे पर हेयरबैंड लगाया हुआ था।*

### यूनिक गाउन से खींचा ध्यान

पहले दिन मोनोक्रोमैटिक गाउन से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचने वाली ऐश्वर्या राय ने कांस के दूसरे दिन अपने सिल्वर और ब्लू कलर के यूनिक गाउन में अपनी अदाओं से एक बार फिर महफिल लूट ली। एक हाथ में चोट लगे होने के बावजूद ऐश्वर्या राय बच्चन ने रेड कार्पेट पर अपने लुक्स से सभी को दीवाना बना दिया।

### आन्या टेलर जॉय-क्रिस हेम्सवर्थ ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा

फ्रांस में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल खूब सुर्खियों में छाया हुआ है। पूरी दुनिया के सिने प्रेमियों को कान फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 14 मई को बड़ी धूमधाम और ग्लैमर के साथ कान फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान हॉलीवुड के कई कलाकार 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' के प्रीमियर के लिए इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सितारों में आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की जोड़ी भी दिखाई दी। जॉर्ज मिलर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2015 की मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म फ्यूरियोसा 2015 की ऑस्कर विजेता हिट 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' पर आधारित है। पिछली फिल्म में इम्पीरेटर फ्यूरियोसा के रूप में चार्लीज थेरॉन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। नई फिल्म फ्यूरियोसा यानी आन्या टेलर जॉय पर केंद्रित है, जिसे उनके बचपन में वारलॉर्ड डिमेंटस यानी क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा अपहरण कर लिया गया था और वे कई माताओं के ग्रीन प्लेस में अपने घर वापस जाने का रास्ता खोजने के लिए खुद को तैयार करती हैं।

## टीवी मसाला

### तारक मेहता के 'रोशन सिंह सोढ़ी' 25 दिन बाद घर वापस लौटे...


**मुंबई।** लोकप्रिय टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी की भूमिका निभाने के लिए प्रसिद्ध गुरुचरण सिंह, जो 22 अप्रैल से लापता थे। शुक्रवार को घर लौट आए हैं। कई दिनों तक गायब रहने के बाद अभिनेता खुद ही वापस घर लौट आए हैं। परिवार वालों ने दिल्ली में उनकी गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज करवाई थी। वापस लौटने पर सोढ़ी से पुलिस ने पूछताछ की। दिल्ली पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था और अभिनेता की तलाश के लिए जांच चल रही थी। पुलिस के मुताबिक गुरुचरण ने पूछताछ के दौरान अधिकारियों को बताया कि वह अपना सांसारिक जीवन छोड़ चुके हैं और धार्मिक यात्रा पर हैं। पुलिस ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में वह अमृतसर और लुधियाना जैसे कई शहरों में गुरुद्वारों में रुके थे, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उसे घर लौट जाना चाहिए। 22 अप्रैल को अभिनेता को दिल्ली से मुंबई के लिए फ्लाइट पकड़नी थी। हालांकि, वह फ्लाइट में नहीं चढ़े और लापता हो गए। उनका फोन नंबर 24 अप्रैल तक सक्रिय था, जिसके जरिए कई लेनदेन किए गए थे, जैसा कि पुलिस जांच से पता चला है। जिस दिन वह लापता हुए, उस दिन के सीसीटीवी फुटेज में अभिनेता को अपनी पीठ पर एक बैग लेकर चलते हुए देखा गया है।



### जीत का जज्बा लेकर 'खतरों के खिलाड़ी 14' में जा रही हैं शिल्पा

**मुंबई।** 'खतरों के खिलाड़ी 14' का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रोहित शेट्टी के इस रोमांचकारी शो में टीवी के सितारे खतरों से खेलते हुए दिखाई देते हैं। इसमें हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को लेकर भी चर्चाओं का बाजार अक्सर गर्म रहता है। इस बार शिल्पा शिंदे भी शो में शिरकत करने वाली हैं। अभिनेत्री ने शो में हिस्सा लेने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा। शिल्पा शिंदे से पूछा गया कि शो के लिए वह कैसे तैयारी कर रही हैं। इस पर अभिनेत्री ने कहा, मैं अच्छा खाना खा कर और अच्छी नींद लेकर तैयारी कर रही हूं क्योंकि मुझे नहीं पता कि वहां कैसा खाना मिलेगा। तो मैं उससे एनर्जी ले रही हूं। बाकी मैं वहां जाने के लिए काफी उत्सुक हूं और अब आगे देखते हैं कि क्या होता है।





### गजगामिनी चाल देख फैंस हुए दीवाने

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार में अदिति राव की एक्टिंग का हर कोई दीवाना हो गया है। सीरीज में अदिति के रोल को बेहद पसंद किया गया। अब उनके रोल से भी ज्यादा वायरल हो रही है उनकी गजगामिनी चाल। एक्ट्रेस ने वायरल हो रही अपनी वीडियो क्लिप पर रिएक्ट किया है। खास बातचीत में अदिति राव हैदरी ने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि इस चाल को क्या कहते हैं क्योंकि भरतनाट्यम डांसर के रूप में उन्होंने ऐसा कभी कुछ नहीं सीखा था। उन्होंने बताया कि इस वॉक को संजय लीला भंसाली ने उनसे करने को कहा था। अदिति ने कहा, "वो किसी से पूछना चाहती हैं, संजय सर, मेरे डांस टीचर कि ये क्या है। क्या ये गजगामिनी चाल या स्वान वॉक है। यह कौन सी वॉक है जो मुझे नहीं पता है।"



### 'बाहुबली' के कटप्पा बनेंगे पीएम मोदी

**मुंबई।** साउथ अभिनेता सत्यराज अपनी दमदार अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। वे कई फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखा चुके हैं। उन्होंने प्रभास अभिनीत फिल्म फ्रेंचाइजी 'बाहुबली' में कटप्पा का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया था। यह सत्यराज के करियर की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका थी। वहीं, अब चर्चा है कि सत्यराज एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर अभिनेता की अगली फिल्म को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वे अगली बार बायोपिक में नजर आने वाले हैं और खबर है यह कि बायोपिक में सत्यराज वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, ये अफवाहें इंटरनेट पर तेजी से फैली हुई हैं। अभी इन खबरों की पुष्टि होना बाकी है।

## करियर की खातिर इन अभिनेत्रियों ने छुपाई पहचान नाम बदलकर फैंस के दिलों पर कर रहीं राज

***मुंबई।** टीवी अभिनेत्रियों के चाहने वाले बॉलीवुड अभिनेत्रियों से कम नहीं हैं। टीवी हसीनाओं के भी लाखों में फैंस हैं, जिन्हें उनके बारे में हर बात जानने की खूब दिलचस्पी रहती है। सोशल मीडिया पर इन अभिनेत्रियों की तस्वीरें आते ही छा जाती हैं। मगर इन अभिनेत्रियों को ये पहचान यूं ही हासिल नहीं हुई है। इसके लिए इन्होंने कड़ी मेहनत की है। तब जाकर ये मुकाम हासिल हुआ है। वहीं, कई अभिनेत्रियों ने तो करियर की खातिर अपना नाम तक बदल दिया है। आज हम इस लेख में उन्हीं अभिनेत्रियों के बारे में बात करेंगे, जिन्होंने अपने अभिनय करियर के लिए नाम बदल लिया। तो चलिए जानते हैं...*




**अंकिता लोखंडे :** टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक अंकिता लोखंडे का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। अंकिता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। टीवी शो 'पवित्र रिश्ता' से अंकिता को पहचान मिली थी। मगर उनके बारे में ये बहुत कम लोग जानते होंगे कि उनका नाम पहले तनुजा लोखंडे था। उन्होंने बाद में अपना नाम अंकिता रखा।



**रश्मि देसाई :** टीवी अभिनेत्री और बिग बॉस 13 फेम रश्मि देसाई का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। अभिनेत्री दो बार अपना नाम बदल चुकी हैं। बचपन में उनका नाम शिवानी था, जिसे बदलकर बाद में उनकी मम्मी ने दिव्या नाम रख दिया था। मगर पर्दे पर अपनी पहचान बनाने के लिए अभिनेत्री ने अपना फिर से नाम बदल दिया और रश्मि देसाई रख लिया।



**दलजीत कौर :** टीवी अभिनेत्री दलजीत कौर का नाम भी इसमें शामिल हैं। वह भी अपना नाम बदल चुकी हैं। दलजीत कौर का नाम पहले दीपा कौर था। अभिनय करियर की शुरुआत से दलजीत ने अपना नाम बदलकर दलजीत कौर रख लिया था। अभिनेत्री को सीरियल 'इस प्यार को क्या नाम दूं' से पहचान मिली थी।



**अनिता हसनंदानी :** अनिता हसनंदानी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अनिता किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कई बड़े सीरियल में अपने अभिनय का दमखम दिखाया है। वह कई बॉलीवुड फिल्मों में भी बतौर लीड एक्ट्रेस काम कर चुकी हैं। जब उन्होंने अभिनय करियर की शुरुआत की तब उनका नाम नताशा हसनंदानी था, जिसे बदलकर बाद में उन्होंने अनिता हसनंदानी कर लिया था।



**निया शर्मा :** टीवी की सबसे बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक निया शर्मा का नाम भी इसमें शामिल है। निया का नाम इंडस्ट्री में आने से पहले निशा शर्मा था। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने से पहले अपना नाम निशा से बदलकर निया शर्मा रख लिया था।

## एक्स बॉयफ्रेंड ने लीक किए प्राइवेट वीडियो

**मुंबई।** पूनम पांडे इंडस्ट्री की कंट्रोवर्शियल एक्ट्रेस-मॉडल में से एक हैं। वो अकसर ही किसी ना किसी विवाद की वजह से हेडलाइंस में रहती हैं। एक बार सोशल मीडिया पर उनका बाथरूम वीडियो लीक हुआ था। पूनम के प्राइवेट वीडियो ने हर किसी को हैरान कर दिया था। सालों बाद अब उन्होंने लीक वीडियो के बारे में बात की है। एक्ट्रेस का कहना है कि उनके साथ ऐसी गंदी हरकत किसी और ने नहीं, बल्कि खुद उनके बॉयफ्रेंड ने की थी। यूं तो सोशल मीडिया पर पूनम पांडे की कई तस्वीरें और वीडियोज वायरल होते रहते हैं, लेकिन जब सोशल मीडिया पर उनका बाथरूम वीडियो लीक हुआ, तो हर ओर हड़कंप मच गया था। इस वीडियो को यूट्यूब ने ब्लॉक कर दिया था। पूनम ने लीक वीडियो के बारे में बात करते हुए कहा- सोशल मीडिया पर वो वीडियो उनके एक्स बॉयफ्रेंड ने शेयर किया था। इंटरव्यू में उन्होंने कहा- मुझे आज भी याद है और मैं इसे कभी नहीं भूल पाऊंगी। हम एक-दूसरे से लड़ रहे थे और मुझे खुद को बचाना था। लड़ाई के दौरान उसने ट्रिमर उठाया और मेरे बालों को ट्रिम करने जा रहा था। पर किसी तरह मैंने उससे ट्रिमर छीना और कमरे से भाग निकली। पूनम कहती हैं कि उस लड़ाई के बाद एक्स बॉयफ्रेंड ने उनके प्राइवेट वीडियोज लीक करने की धमकी दी।



## खबर संक्षेप

### खेत से किसान का सोलर पंप चोरों ने किया पार, अपराध पंजीबद्ध

**अंबिकापुर।** बलरामपुर पुलिस ने खेत अनुदान प्राप्त सोलर पम्प चोरी के मामले में अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम संतोषीनगर निवासी निर्मल देवनाथ आ. स्व. सुधीर देवनाथ के नाम पर शासन से अनुदान के तहत सोलर प्लेट व सोलर पंप स्वीकृति हुआ था। ग्रामीण ने सोलर पंप को अपने संतोषीनगर स्थित भूमि में लगाया था। इस दौरान अज्ञात चोर सोलर पंप को चोरी कर ले गए। ग्रामीण द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई है जिसपर पुलिस द्वारा मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### 10 साल के किशोर ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस

**लखनपुर।** कुन्नी चौकी अंतर्गत ग्राम दर्रापारा में 10 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक रोहित सिंह आ.धर्मेन्द्र सिंह (10 साल) शनिवार को घर के समीप रतनजोत पेड़ में पुरानी साड़ी का फंदा बना फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजन को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि छोटे भाई के साथ कुरकुरे को लेकर किशोर का विवाद हुआ था। छोटे भाई ने कुरकुरे नहीं देने की शिकायत मां से करने एवं मां द्वारा फटकार लगाने के डर से किशोर द्वारा फांसी लगाने की संभावना जताई जा रही है।

### अधेड़ ने अपने कमरे में फांसी लगा की आत्महत्या

**लखनपुर।** ग्राम पंचायत बगदरी महुआपारा में एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार शनिवार को रात में खाना खाकर नेहरू राम पिता देवसाय (61वर्ष) अपने कमरे के मयार में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। सुबह परिजन ने फांसी पर झूलता देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीएम कराने के बाद शव परिजन के सुपुर्द किया। परिजन ने बताया कि मृतक की दिमागी हालत 2 साल से ठीक नहीं थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।

### डीजे लोड पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**अम्बिकापुर।** मौसा के साथ शादी कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौटने के दौरान जब बाइक सवार युवक दुकान के सामने खड़ा था तभी विपरीत दिशा से आ रहे डीजे लोड पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल हुए युवक ने उपचार कराने के पश्चात घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। ओड़गी थाना अंतर्गत ग्राम धरसेड़ी निवासी अकलेश यादव आ. जमुना प्रसाद यादव (22 वर्ष) पिछले माह 22 अप्रैल को मौसा नंदू यादव के साथ्ज्ञ शादी कार्यक्रम में शामिल होने बाइक क्रमांक सीजी 16 सीएम 0726 से ग्राम भवरखोह गया था। रात लगभग 1 बजे शादी कार्यक्रम से वापस घर लौट रहे थे तभी प्यास लगने पर रास्ते में दुकान के सामने बाइक खड़ा किया। युवक बाइक पर बैठा था जबकि मौसा पानी बाटल लेने दुकान चला गया इसी दौरान दर्रीपारा निवासी गुड्डा यादव का डीजे लोड पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर परिजन युवक को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार कराने के पश्चात गत दिन युवक ने घटना की रिपोर्ट ओड़गी थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने पिकअप चालक के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### कर्नाटक में बंधक बनाए गए श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**सीतापुर।** कर्नाटक में बंधक बनाए चार ग्रामीण सकुशल अपने घर लौट आए है। ग्रामीणों को बंधक बनाकर काम कराया जा रहा था और उन्हें तय की गई मजदूरी का भुगतान भी नहीं किया जा रहा था। ऐसे में उन्होंने विधायक रामकुमार टोप्पो से मदद की गुहार लगाई थी। मामला प्रकाश में आने के बाद जिला प्रशासन की पहल पर ग्रामीणों को मुक्त कराया गया और अब वे अपने घर लौट आए है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाले राकेश, विजय, सागर, शिवचरण को मैनपाट का ही एले नामक व्यक्ति ज्यादा मजदूरी मिलने के नाम पर अपने साथ ले गया था। ग्रामीण भी अधिक मजदूरी मिलने की लालच में आकर दलाल के साथ कर्नाटक चले गए थे। ग्रामीण कर्नाटक के कुसल नगर बेला कुपा में श्रमिक के रूप में कार्य कर रहे थे लेकिन कर्नाटक में उन्हें निर्धारित राशि से कम मजदूरी भुगतान किया जा रहा था इसके साथ ही जब उन्होंने घर वापस लौटने की बात कही तो मालिक ने घर जाने से रोक दिया गया और जबरन बंधक बनाकर उनसे काम कराया जा रहा था। इस दौरान ग्राम कोट कापापारा थाना सीतापुर निवासी राकेश ने किसी तरह अपने बड़े भाई संतोष कुमार से संपर्क किया और घर वापस आने में आ रही कठिनाई से अवगत कराया।

## निधन

### गिरजा शंकर गुप्ता

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार के प्रतिष्ठित नागरिक व बस स्टैंड हरदीबाजार में ज्योति बर्तन भंडार



एवं इंटरप्राइजेस के संचालक गिरजा शंकर गुप्ता का निधन हो गया है, वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, उनका अंतिम संस्कार हरदीबाजार के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी सुनीता गुप्ता, दो पुत्र नवनीत गुप्ता, अभिजित गुप्ता व दो पुत्री कविता गुप्ता, कृति गुप्ता एवं अलावा नाती पोता से भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गये हैं।

---

#### आवेदनों के सत्यापन के बाद 20 मई से शुरू होगी लॉटरी

# आरटीई में निर्धारित सीट से तीन से चार गुना अधिक मिले आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निर्धारित सीट से लगभग तीन से चार गुना अधिक ओवदन आए हैं, जबकि सीटों की संख्या 2128 है। लॉटरी में चयन से वंचित बच्चों को योजना से वंचित होना पड़ेगा और उन्हें निजी स्कूलों में दाखिलों के लिए सामान्य बच्चों की तरह ही उन्हें प्रवेश शुल्क, ट्यूशन शुल्क सहित अन्य शुल्क के भुगतान करने होंगे। इसके अलावा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सरकारी स्कूल में प्रवेश लेना होगा।

जिले में निःशुल्क शिक्षा के अधिकार तहत किए गए पंजीकृत आवेदनों की सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अभिभावकों में अब लॉटरी का इंतजार है। लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों के निजी स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। जिले में शिक्षा का अधिकार के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा को लेकर मारामारी मची हुई है। पहले चरण की प्रक्रिया में अभिभावकों ने 2128 सीटों के लिए 7398 विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए पंजीयन किया है। लगभग एक माह तक चले दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। बताया जा रहा है कि जिले में लगभग 298 निजी स्कूल संचालित हैं। शिक्षा का अधिकारी (आरटीई) अंतर्गत इन निजी स्कूलों में गरीब परिवार के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए योजना चलाई जा रही है। दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया के बाद अब अभिभावकों को लॉटरी का इंतजार है। बताया जा रहा है कि लॉटरी की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से मुख्यालय से होगी। मुख्यालय से ही लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी होगी। लॉटरी की प्रक्रिया 20 मई से 30 मई तक चलेगी। इसके बाद चयनित बच्चों का दस्तावेज अभिभावकों को नोडल के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। साथ ही जिन स्कूलों में विद्यार्थियों की सूची आई है। वहां दस्तावेज जमा करने के साथ ही प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। जिला शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस बार 7398 विद्यार्थियों के आवेदन आए हैं। लेकिन इसमें से पात्र/अपात्र की सूची तैयार नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि अभिभावकों को उनके आवेदन पात्र/अपात्र लॉटरी के समय ही आवेदनों की जानकारी मिलेगी।

# विश्व एड्स वैक्सीनेशन दिवस पर सेजस चैतमा ने दिया जनजागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



जनजागरुकता का संदेश देती छात्राएं।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैतमा हेल्थ केयर विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना स्वंय सेवकों ने चित्रकला, नारा लेखन कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चैतमा में जागरूकता का संदेश दिया। प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर हेल्थ केयर शिक्षक चंद्रमुखी साहू के मार्गदर्शन में डॉ.एलएस यादव, डॉ.शैलेश साहू ने वैक्सीन का महत्व को बताया।डॉ यादव ने बताया कि विश्व एड्स वैक्सीन दिवस पर जिसे एचआईवी वैक्सीन जागरूकता दिवस के रूप में भी जाना जाता है। प्रतिवर्ष 18 मई को मनाया जाता है डॉ.शैलेश साहू ने बताया कि एचआईवी वैक्सीन के समर्थक एचआईवी संक्रमण और एड्स को रोकने के लिए वैक्सीन की निरंतर तत्काल आवश्यकता को बढ़ावा देकर इस दिन को चिह्नित करते हैं। वे उन हजारों स्वयंसेवकों, समुदाय के सदस्यों, स्वास्थ्य पेशेवरों, समर्थकों और वैज्ञानिकों को स्वीकार करते हैं और धन्यवाद देते हैं जो एक सुरक्षित और प्रभावी एड्स वैक्सीन खोजने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से नई प्रौद्योगिकियों में निवेश के महत्व को एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में पहचानने का आग्रह करते हैं। हेल्थ केयर शिक्षक चंद्र मुखी साहु ने बताया कि विश्व एड्स वैक्सीन दिवस की अवधारणा 18 मई 1997 को मॉर्गन स्टेट यूनिवर्सिटी में तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन द्वारा दिए गए भाषण से जुड़ी है। क्लिंटन ने दुनिया को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उभरते युग में नए लक्ष्य निर्धारित करने और अगले दशक के भीतर एड्स का टीका विकसित करने की चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था केवल एक वास्तव में प्रभावी, निवारक एचआईवी वैक्सीन ही एड्स के खतरे को सीमित कर सकती है और अंततः इसे खत्म कर सकती है। वीरेंद्र कुमार बंजारे व्याख्याता जीव विज्ञान राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि क्लिंटन के भाषण की वर्षगांठ मनाने के लिए 18 मई 1998 को पहला विश्व एड्स वैक्सीन दिवस मनाया गया था और यह परंपरा आज भी जारी है। इस अवसर पर विश्व एड्स वैक्सीन दिवस पर तम्मना यादव, संध्या कंवर, रोशनी यादव, श्वेता, सानिया, माही, विमलेश्वरी, पीयूष, थानेश्वर, सुप्रिया कंवर, अश्विनी, वीरेन्द्र कंवर, विनय महंत ने सहभागिता निभाई।

# रोटी बैंक से भिक्षुक व मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों को मिलती हैं रोटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शहर में संचालित एक ऐसा बैंक जो जरूरतमंदों को दो वक्त का भोजन प्रदान करता है, शहर के मुख्यमार्ग के किनारे, जलपान गृह के सामने कभी भिक्षुक व मानसिक रूप से अस्वस्थ लोग भोजन मांगते या फिर कूड़ेदान में खाने का सामान ढूंढ़ते नजर आते थे। लेकिन शहर में अब ऐसा नजर नहीं आता है, क्योंकि ऐसे जरूरतमंदों तक दिन के दोनों समय भोजन उपलब्ध कराने शहर में रोटी बैंक सेवा चल रही है।

दरअसल विगत कई वर्षों से शहर में मानव सेवा से जुड़ी संस्था छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी रोटी बैंक सेवा चला रही है। संस्था के कार्यकर्ता दोनों समय सेवा कार्य में लगे रहते हैं। कोसाबाड़ी क्षेत्र से लेकर सीतामढ़ी क्षेत्र तक के लगभग 80 परिवार भी इनके साथ जुड़े हुए हैं। ऐसे परिवार की महिलाएं हर दिन दोनों समय स्वभाव से रोटी, चावल व सब्जी बनाकर संस्था को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए देती हैं। दोनों समय का भोजन एकत्रित कर कार्यकर्ता संस्था के सेवा आश्रम, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, साप्ताहिक बाजार के शेड सहित अन्य जगह पर मौजूद जरूरतमंदों तक पहुंचते हैं। छग हेल्प वेलफेयर सोसायटी के प्रमुख राणा मुखर्जी, शहर में सड़क किनारे बेसहारा, भिक्षुक व मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को भोजन तलाशते देख रोटी बैंक सेवा की शुरुआत लगभग 5 साल पहले की थी। तब से अब तक नियमित रूप से दोनों समय दानदाताओं के घर से कार्यकर्ताओं द्वारा भोजन संग्रहण कर जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 2 सौ लोग लाभांवित हो रहे हैं।

# कामगारों की तमाम कल्याणकारी योजनाओं को साजिश के तहत किया जा रहा बाधितः दीपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र मे कार्यरत कुछ अधिकारियों के द्वारा कामगारों के तमाम कल्याणकारी योजनाओं को साजिश के तहत बाधित किया जा रहा है जोकि उचित नहीं है। जिसके संबंध मे प्रदेश एटक के कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने बताया कि कोरबा एरिया के कुछ अधिकारियों ने मिलकर न सिर्फ श्रमिकों बल्कि उनके परिवार को भी असुरक्षित कर दिया है।

उन्होंने ने कहा कि बांकी, सुराकछार तथा बलगी के आवासीय कालोनियों मे लगभग 29 सौ क्वार्टर है जिनका 5 वर्ष पहले डिसेंट हाउस स्कीम के तहत मरम्मतीकरण हुआ था जिसके चलते वायरिंग सिस्टम में खराबी आ गई थी। परंतु फंड के अभाव के चलते उन आवासों का रिवायरिंग नहीं किया गया था। जबकि आवासों के मरम्मत के समय के रिवायरिंग जरूरी था। परंतु प्रबंधन ने उसे अनदेखा किया जिसका नतीजा सभी 29 सौ आवासों मे विद्युत शक्ति प्रणाली असुरक्षित हो गई थी कभी भी शॉर्ट सर्किट के तहत जान माल का नुकसान हो सकता था।



दीपेश मिश्रा

संबंधित अधिकारियों ने सभी आवासों में नए सिरे से रिवायरिंग के लिए एसईसीएल मुख्यालय में प्रस्ताव भेजा वस्तुस्थिति के गंभीरता को देखते हुए मुख्यालय ने रिवायरिंग के प्रस्ताव को स्वीकृत कर कोरबा एरिया प्रबंधन को 8 माह पूर्व भेज दिया था परंतु संबंधित क्षेत्रीय प्रबंधन के कुछ सक्षम अधिकारियों ने मुख्यालय से स्वीकृत वायरिंग प्रस्ताव के फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। 15 मई को औद्योगिक संबंधों के तहत मिटिंग में समस्त आवासीय कॉलोनी मे बजबजाती नालियों के साफ कराने का मसले को सिविल प्रमुख के समक्ष रखा था तब उसमें क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक एसके पी शिंदे ने कहा कि मैं भी अपने घर के नाली को खुद पैसा देकर साफ करवाता हूं इसमें सबसे मजेदार बात ये है जब क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधन यह बात बोल रहे थे तब क्षेत्रीय सिविल प्रमुख भानु सिंह यह बात सुनने के बावजूद खामोश बैठे रहे। उन्होंने कहा कि प्रबंधन के कुछ गैर जिम्मेदार अधिकारियों ने मेहनतकश कामगारों के हकों को सीधे नुकसान पंहुचाने पर तुले हुए है। इसी तरह नो ड्यूज जमा करने के बावजूद रिटायर्ड या त्यागपत्र देने वाले कामगारों का सीएमपीएफ एवं उपदान (ग्रेच्युटी) भुगतान जबरन रोका जा रहा है जबकि निदेशक कार्मिक एसईसीएल का निर्देश है कि 30 दिन के अंदर ग्रेच्युटी भुगतान करना है पर क्षेत्रीय प्रबंधन को इससे कोई लेना देना नहीं है। प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि एटक संगठन प्रबंधन के मजदूर विरोधी रवैया को बर्दाश्त नहीं करेगा इस पर जल्द ही कार्यवाही की जाए।

# 12वीं के रिजल्ट के बाद अब कॉलेज में प्रवेश के लिए दौड़ लगाएंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी से संबद्ध 28 कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया 16 जून से शुरू होगी। जिले में इस बार एक सीट पर

**खास बातें**

- बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष 12वीं में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या कम
- जिले में 15 शासकीय और 13 निजी कॉलेज हैं संचालित

प्रवेश का दावा करने वाले छात्रों की संख्या इस बार 2 से अधिक नहीं होगी। बेहतर अंक से पास होने वाले छात्रों को मनपसंद कॉलेज मिल जाएंगे पर कम अंक वालों को कॉलेजों का विकल्प तैयार रखना होगा।



कोरबा में 15 गवर्नमेंट कॉलेज संचालित हैं। इन सभी कॉलेजों में स्नातक कोर्स (कला, वाणिज्य व साइंस) हैं। कुछ कॉलेजों में बीबीए, बीसीए व डीसीए कोर्स भी हैं। इसी तरह 13 प्राइवेट कॉलेजों में 1 नर्सिंग कॉलेज, 2 बीएड कॉलेज व एक लॉ कॉलेज हैं। इस तरह प्राइवेट के 9 कॉलेजों में स्नातक के सामान्य कोर्स संचालित हैं। सामान्य कोर्स से उच्च शिक्षा के लिए 24 कॉलेजों में छात्र-छात्राएं अधिक दाखिला लेते हैं, क्योंकि इसके लिए उन्हें कोई प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होती है। इन 24 कॉलेजों में स्नातक कला, वाणिज्य व साइंस संकाय की कुल सीटों की बात करें तो 5680 है।बीबीए, बीसीए, डीसीए की बात की जाए। इसके लिए सीमित कॉलेजों में मात्र 340 सीट ही है। इस तरह जिले से 12वीं पास करने वाले छात्रों के लिए 6000 सीटें जिले में ही उपलब्ध हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से 2023-24 में पास आउट होने वाले छात्रों की संख्या 8235 है, जबकि सीबीएसई से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या 3000 है। बीते साल छग माध्यमिक शिक्षा मंडल से 12वीं पास छात्रों की संख्या ही 11185 थी, इसके कारण प्रवेश पाने के लिए छात्रों को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी।सीबीएसई के साथ सीजी 12वीं बोर्ड की परीक्षा देने वाले ऐसे छात्र जिनके मार्क्स 85 प्रतिशत से अधिक होते हैं वे अपने जिले में रहकर उच्च शिक्षा की पढ़ाई नहीं करना चाहते हैं। ऐसे छात्रों की संख्या सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों से अधिक होती है।

# हाथियों के विचरण को लेकर वन विभाग ने रोका तेंदूपत्ता संग्रहण का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वन मंडल कोरबा अंतर्गत कुदमुरा रेंज के गीतकुंवारी व लबेद गांव में हाथियो की सक्रियता बढ़ गई है। जिसे देखते हुए वन विभाग ने क्षेत्र में तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य फिलहाल रोक दिया है। यहां के जंगल में 25 हाथी घूम रहे हैं जो दिन में कोरबा व धरमजयगढ़ वन मंडल की सीमा पर पहुंच जाता है और रात में लबेद व गीतकुंवारी पहुंचकर यहां खेतो में उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों के धान व मुंगफली की फसल को रौंद देता है। हाथियों के उत्पात से क्षेत्र के ग्रामीण काफी हलाकान है। वहीं उनमें दहशत भी व्याप्त है।

हाथियों के उत्पात से परेशान ग्रामीणों में जिला प्रशासन व वन विभाग से समस्या के समाधान व सुरक्षा की मांग की है। लेकिन वन अमला असफल साबित हो रहा है। बीटी रात पहुंचे 27 हाथियों के इस दल ने गीतकुंवारी व लबेद गांव में फिर उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों के खेतो में लगे धान व मुंगफली फसल को जमकर नुकसान पहुंचाया। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है। हाथियों की सक्रियता को देखते हुए विभाग द्वारा क्षेत्र में तेंदू पत्ता संग्रहण का कार्य रोक दिया गया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि वे जंगल से दूरी बनाए रखे। उधर कटघोरा वन मंडल के एतमा नगर, केंदई पसान व जटगा रेंज में हाथियों की उपस्थिति लगातार बनी हुई है। पसान के बर्राबीट में मौजूद हाथियों का दल बीती रात बासिन पहुंच गया और यहां चिकनी पारा में बांस बाड़ी में प्रवेश कर बांस के पौधों को तहस नहस कर दिया। हाथियों का उत्पात काफी देर तक चला। वन अमला द्वारा खदेड़े जाने पर दल वापस बर्रा लौटा केंदई रेंज के कापानवापारा व लालपुर तथा एतमा नगर क्षेत्र में मौजूद हाथियों ने फिलहाल कोई बड़ा नुकसान नही पहुंचाया है। फिर भी वन विभाग इसे लेकर सतर्क है और लगातार निगरानी में जुटा हुआ है।

# कुसमुंडा खदान में निर्माणाधीन बंकर टूट कर गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में निर्माणाधीन बंकर का एक हिस्सा अचानक गिर गया। घटना के वक्त कर्मचारी भोजन

**खास बात**

- घटना के समय मजदूर थे भोजन अवकाश में, अप्रिय स्थिति टली

अवकाश पर गए थे, इसलिए किसी तरह की अप्रिय घटना टल गई। इस घटना से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।

एसईसीएल की मेगा परियोजना कुसमुंडा में बंकर का निर्माण किया जा रहा है, ताकि कोयला को सीधे कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से ऊपर भेजा जा सके। बंकर का निर्माण कार्य



बंकर का टूटा हिस्सा।

आरवीआर इंफ्रा स्ट्रक्चर प्राइवेट कंपनी लिमिटेड द्वारा लगभग 450 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। शनिवार की दोपहर 1.30 बजे बंकर के अंदर एक पुल्ली नुमा लोहे की भारीभरकम पुल्ली ऊपर से नीचे की ओर गिरने लगा और लोहे के लगे बड़े स्लैब उससे धक्का लगने पर अपने स्थान से खिसकने लगा। इसकी वजह से बंकर का एक हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारों का कहना है कि वेट बैलेंसिंग में अनियमितता होने की वजह से पुल्ली ऊपर से नीचे की ओर गिरा। घटना स्थल पर लगभग 15 मजदूर कार्य कर रहे थे, पर भोजन अवकाश होने की वजह से सभी बाहर निकल गए थे। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, अन्यथा गंभीर दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। घटना के बाद एसईसीएल के अधिकारी स्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। निर्माण कार्य एसईसीएल के अधिकारियों की उपस्थिति में कराया जा रहा है, पर कार्य किस गुणवत्ता के आधार पर हो रहा है। इसका अंदाजा पुल्ली गिरने की घटना से लगाया जा सकता है। कोयला कर्मियों का कहना है कि पूरी तरह अनदेखी कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। प्रबंधन को केवल उत्पादन से ही सरोकार रह गया है। वहीं इस घटना को लेकर घटना को लेकर विभागीय व ठेका कंपनी के अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

# चालक की सूझबूझ से निकाला गया नाले में पलटा ट्रेलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत इमली छापर लक्ष्मण नाले में अनियंत्रित होकर गिरी ट्रेलर वाहन को दो दिन बाद बाहर निकाल लिया गया है। ट्रांसपोर्ट कंपनी की दूसरी कोयला लोड ट्रेलर वाहन द्वारा इस ट्रेलर को बहुत ही सूझबूझ के साथ बाहर निकाला गया। ट्रेलर को बाहर निकलता देखने राह से गुजर रहें लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। ट्रेलर को नाले से बाहर निकलने के लिए दो हाईड्रा वाहन भी लाए गए थे, जिनके द्वारा नाले में गिरे ट्रेलर को बाहर निकालने काफी प्रयास किया गया परंतु कोई सफलता नहीं मिली। जिसके बाद हाईड्रा वाहनों को लेकर आए एक सरदार द्वारा उसी ट्रांसपोर्ट कंपनी की दूसरी कोयला लोड ट्रेलर को बुलाया गया जिसमें से एक मजबूत रस्सी ट्रेलर के पीछे बांधी गई, जिससे खींच कर बड़ी आसानी ने ट्रेलर को नाले के बाहर निकाल लिया गया। सरदार की सूझबूझ देख लोगों ने खूब तालियां बजाईं।

**शपथ पत्र**

मैं हर्षिता वाटवानी उम्र 18 वर्ष पिता दिलीप वाटवानी जाति सिन्धी निवासी ग्राम कटघोरा पो.आ. कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) की निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवासरत हूँ।
2. यह कि मेरे स्वयं के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कोरबा कमांक-2 ट्रांसपोर्ट नगर से एक पॉलिसी जारी किया गया था जिसका पॉलिसी कमांक-383843632 है जिसमें मेरा घरेलू नाम हेमा वाटवानी दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिवश दर्ज है।
3. यह कि मेरे पॉलिसी में मेरे दर्ज नाम हेमा वाटवानी को विलोपित/सुधार कर सही नाम हर्षिता वाटवानी दर्ज किया जावे।
4. यह कि मुझे हर्षिता वाटवानी के नाम से जाना एवं पहचाना जावे जिस हेतु उक्ताशय का शपथपत्र निष्पादन करती हूँ जिसे संबंधित कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**हर्षिता वाटवानी**

**मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट**

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

**जीवन ज्योति क्लीनिक** डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

19 korba- bhoomi pg4_Layout 1 5/19/2024 10:56 PM Page 1



## क्राइम फाइल



### हाइपरटेंशन से बचाव के लिए जंकफूड एवं पित्तवर्धक आहार से करें परहेज:डॉ.नागेंद्र

**कोरबा।** विश्व उच्चरक्तचाप दिवस पर लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को श्री शिव औषाधलय एमआईजी 20 आरपी नगर फेस 2 निहारिका में आयोजित विशेष आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर में अंचलवासी लाभान्वित हुए। शिविर में विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने वाले लायंस क्लब एवरेस्ट के सचिव, छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ी वैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया कि जंकफूड व पित्तवर्धक आहार से हो रहे लोगों में उच्चतरक्तचाप एवं मधुमेह की बीमारी बढ़ती जा रही है। उनमें भी बच्चे और युवा वर्ग में भी इस तरह के लाइफ स्टाइल जनित रोगों का बढ़ना चिंता का विषय है। इससे बचाव हेतु जंकफूड एवं पित्तवर्धक आहार से परहेज करना अति आवश्यक है, तभी बच्चे और हमारी युवापीढ़ी इन गंभीर रोगों से बच सकती है। डॉ.नागेंद्र शर्मा ने बताया कि सभी लोग अपनी जीवनशैली में कुछ सकारात्मक परिवर्तन कर इन रोगों से आसानी से बच सकते हैं। शिविर में ब्लड प्रेशर तथा रक्त शर्करा के स्तर की निशुल्क जांच कर उससे संबंधित परीक्षित औषधि व अर्जुन टेबलेट भी निशुल्क प्रदान की गई तथा उच्चरक्तचाप एवं समस्त प्रकार के पित्तज रोगों के लिये उपयोगी शीतसुधा शरबत भी निशुल्क पिलाया गया।

### ग्रामीणों ने कराई मोतियाबिन्द की सर्जरी

**कोरबा।** डॉ.एसएन केशरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में मोतियाबिन्द का ऑपरेशन नहीं कराने की व्याप्त गलत धारणा के कारण केवल सर्दियों में मोतिबिन्द का ऑपरेशन कराया जाता है। उन्होंने बताया कि यह धारणा निराधार है जिससे उपचार में अनावश्यक देरी हो सकती है साथ ही आगे और दृष्टिगत समस्या हो सकती है। सीएमएचओ ने बताया कि दूर या पास का कम दिखाई देना, गाड़ी ड्राइव करने में समस्या और दूसरे व्यक्ति के चेहरे के भावों को न पढ़ पाना आँखों में मोतियाबिन्द विकसित होने के लक्षण हैं। चश्मे यालेंस से स्पष्ट दिखाई न देने पर सर्जरी ही एकमात्र विकल्प बचता है जिसकी सलाह आवश्यकता पड़ने पर नेत्र विशेषज्ञों द्वारा दी जाती है। डॉ.सुमित गुप्ता, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम ने बताया कि राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मरीजों का मोतियाबिन्द का ऑपरेशन तथा गुणवत्तापूर्ण दवाई तथा देखभाल करने के साथ ही वनांचल एरिया तथा दुर्गम क्षेत्र के मरीजों को अस्पताल तक लाना शामिल है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाभ लेते हुए ग्राम पोंड़ी उपरोड़ा के 55 ग्रामीण मरीजों ने मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया, जो कि यह दर्शाता है कि लोगों की केवल सर्दियों में ऑपरेषन कराने की धारणा बदल रही है। मोतियाबिन्द की सर्जरी बिल्कुल भी दर्दनाक नहीं होती है।

### रासेयो ने जनजागरूकता शिविर का किया आयोजन

**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैतमा हेल्थ केयर विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना स्वंय सेवकों ने चित्रकला, नारा लेखन कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चैतमा में जागरूकता का संदेश दिया। प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर हेल्थ केयर शिक्षक चंद्रमुखी साहू के मार्गदर्शन में डॉ.एलएस यादव, डॉ.शैलेश साहू ने वैक्सीन का महत्व को बताया।डॉ यादव ने बताया कि विश्व एड्स वैक्सीन दिवस पर जिसे एचआईवी वैक्सीन जागरूकता दिवस के रूप में भी जाना जाता है। प्रतिवर्ष 18 मई को मनाया जाता है डॉ.शैलेश साहू ने बताया कि एचआईवी वैक्सीन के समर्थक एचआईवी संक्रमण और एड्स को रोकने के लिए वैक्सीन की निरंतर तत्काल आवश्यकता को बढ़ावा देकर इस दिन को चिह्नित करते हैं। वे उन हजारों स्वयंसेवकों, समुदाय के सदस्यों, स्वास्थ्य पेशेवरों, समर्थकों और वैज्ञानिकों को स्वीकार करते हैं और धन्यवाद देते हैं जो एक सुरक्षित और प्रभावी एड्स वैक्सीन खोजने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से नई प्रौद्योगिकियों में निवेश के महत्व को एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में पहचानने का आग्रह करते हैं।

### गोपाल अध्यक्ष व रजनीश बने सचिव

**कोरबा।** भारतीय जीवन बीमा निगम के एजेंटो अखिल भारतीय संगठन, लियाफी लाईफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया कोरबा-2 के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होटल टाप इन टाउन में 16 मई को मण्डल अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संगठन सचिव सैयद इमरान आलम, मण्डल संगठन सचिव प्रीतम सिंह एवं मंडल उपाध्यक्ष नीतिन त्रिपाठी एवं प्रशांत मूर्ति मंडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें शाखा अध्यक्ष गोपाल प्रसाद राठौर, सचिव सतीश कुमार सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष संजू सिंह राजपूत, संगठन सचिव नरेश कुमार राठौर, मीडिया प्रभारी जगत वाल्मिकी को नियुक्त किया गया। मण्डल अध्यक्ष ने लियाफी के सदस्य को अधिक से अधिक जोड़ने का आह्वान किया गया है।

## सबसे अधिक पाड़ीमार व तुलसीनगर जोन के सब स्टेशन में रहता था दबाव

# शहर के कई सब स्टेशन में लोड हुआ डिवाइड इस वर्ष अब तक लोड शेडिंग की नहीं आई नौबत



घंटाघर मुख्य मार्ग में सड़क किनारे तार खींचते ठेका कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के कई सब स्टेशन ऐसे थे जहां गर्मी के सीजन में अत्यधिक लोड बढ़ने की वजह से रात को लोड शेडिंग की स्थिति निर्मित हो जाया करती थी। विद्युत वितरण विभाग इस बार लोड शेडिंग की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए कई स्थानों पर सब स्टेशन तैयार किया गया है। जिसके चलते इस साल अब तक लोड शेडिंग की समस्या सामने नहीं आयी है।

उल्लेखनीय है कि शहरी क्षेत्र के कई इलाके ऐसे थे जहां एक-दो सब स्टेशन से ही क्षेत्र के कई इलाकों को विद्युत आपूर्ति की जाती थी। खासतौर पर पाड़ीमार जोन के शिवाजीनगर सब स्टेशन और तुलसी नगर जोन के जोन ऑफिस स्थित सब स्टेशन में सबसे ज्यादा लोड हुआ करता था। गर्मी के दिनों में इस इलाके में लोड बढ़ने की वजह से सब स्टेशन में लोड शेडिंग की स्थिति निर्मित हुआ करती थी। शहरवासियों को गर्मी में किसी तरह की परेशानी ना हो और सुचारू से विद्युत व्यवस्था चालू रहे और लोड शेडिंग की समस्या ना हो इसके लिए विद्युत वितरण विभाग ने कई स्थानों में अलग-अलग सब स्टेशन बनाने का फैसला किया था। जिसके चलते शहर के कई इलाकों में सब स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है और इस कड़ी में फिलहाल अभी पाड़ीमार जोन के अंतर्गत आने वाले दादर सब स्टेशन को पहले ही चार्ज किया जा चुका है जो पूर्व में शिवाजी नगर सब स्टेशन से इस इलाके को विद्युत आपूर्ति की जाती थी। अब दादर सब स्टेशन व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को दादर से ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह तुलसीनगर जोन के अंतर्गत आने वाले सब स्टेशन में गर्मी में सबसे अधिक बिजली का दबाव रहता था। नेहरू नगर और मोतीसागरपारा सब स्टेशन के चालू हो जाने से काफी हद तक लोड कम हो चुका है जिसके चलते इस साल अभी तक किसी भी इलाके में लोड शेडिंग की स्थिति निर्मित नहीं हुई है।

### मिनीमाता और सुनालिया के चालू हो जाने से और मिलेगी राहत

बताया जाता है कि शहरी क्षेत्र में पाड़ीमार जोन के अंतर्गत आने वाले मिनीमाता कॉलेज के पीछे सब स्टेशन बनाने का काम तेजी से चल रहा है। जिसका काम लगभग पूरा हो चुका है और इस सब स्टेशन से एमपी नगर व उसके आसपास को विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए रविवार को सब स्टेशन से एमपी नगर तक 11 केवी की तार खींचने का काम भी पूरा किया जा चुका ह। बताया जाता है कि दो-तीन दिनों पर भीतर सब स्टेशन को चालू कर एमपी नगर को अलग से विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इसी तरह तुलसीनगर जोन के अंतर्गत आने वाले सुनालिया सब स्टेशन को भी चार्ज करने की दिशा पर पहल की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि एक हफ्ते के भीतर इस सब स्टेशन को चार्ज किया जा सकता है। जिसके चार्ज हो जाने से तुलसीनगर जोन का सब स्टेशन से काफी हद तक लोड घट जाएगा और शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

## दो सूने मकानों में चोरों ने बोला धावा स्वर्णाभूषण सहित लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के रजगामार व करतला थाना क्षेत्र में चोरी की दो अलग अलग घटनाएं सामने आयी है जहां चोरों ने दोनों मकान से सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। दोनों मकान मालिकों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरकोमा निवासी जीवन प्रसाद गुप्ता उम्र 42 वर्ष पिता रामनाथ गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 17 मई को वह सब्जी बेचकर अपने घर आया। रात में खाना खाकर सभी परिवार सो गए तभी रात्रि लगभग 3 बजे जीवन प्रसाद की भाभी कलावती गुप्ता ने बताया कि घर के पीछे का दरवाजा खुला है तो जीवन प्रसाद ने जाकर देखा तो अलमारी एवं लॉकर खुला हुआ था उसमें रखे चांदी का पायल, चांदी का हाफ कर्धन, चांदी का बाजूबंद, चांदी का हांथ पोंछ, चांदी का बिछिया, सोने का मंगलसूत्र, सोने का झूमका, सोने का महाराष्ट्रीयन माला, सोने का लकेट तथा नगद 50 हजार रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया है। जीवन प्रसाद की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना करतला थाना क्षेत्र के ग्राम भेलवाटार में घटित हुई है यहां निवासरत कार्तिक राम सिदार उम्र 30 वर्ष पिता स्व सुकलाल सिदार 17 मई को परिवार के साथ ग्राम पहंदा शादी में गया था। शादी से 18 मई को लगभग 7 बजे घर आया तो देखा कि परछी के दरवाजा में लगे ताला टूटा है। अंदर जाकर देखा तो घर में रखे आलमारी का दरवाजा खुला हुआ है। आलमारी में रखे सोने की नथनी, दो सोने की कान बाली, सोना का माला, चांदी की अंगूठी बिछिया, हाफ करधन तथा नगदी रकम 15 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। कार्तिकराम की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है। देखना होगा कि पुलिस इस दोनों चोरी के मामले को कब तक सुलझा पाती है जिले में लगातार बढ़ती चोरी की घटना ने पुलिस की परेशानी बढ़ा दी है।

**खास बात**

- रजगामार व करतला थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात
- जांच में जुटी पुलिस

## चलती कार में लगी आग बाल-बाल बचा परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जली हुई कार।

एक परिवार दर्री से कोरबा की ओर आ रहे थे कि ध्यानचंद चौक के समय पहुंचे थे कि कार में अचानक धुआं उठना शुरू हो गया। कार में लपटे देखकर जैसे ही ड्राइवर ने कार को रोकते ही कुछ ही क्षणों पश्चात कार में धूंकर जलना शुरू हो गया। घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। जहां घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह आग को काबू किया गया। इस दौरान दर्री - कटघोरा मुख्य मार्ग में बाधित रहा। देर रात किसी तरह यातायात को बहाल किया गया। बताया जाता है कि दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत साडा कॉलोनी में निवास करने वाला एक परिवार अपने स्वीफ्ट डिजायर कार में सवार होकर रात लगभग 8:30 बजे दर्री से कोरबा जा रहे थे कि ध्यानचंद चौक के समीप पहुंचे थे कि कार के बोनट से अचानक धुआं उठना शुरू हो गया। कार चला रहे युवक ने तत्काल कार रोक दी और कार में बैठे सभी लोग सुरक्षित नीचे उतर गए और जब तक बोने को खोलकर आगजनी को रोकने का प्रयास किया जाता देखते ही देखते आग में विकराल रूप ले लिया और जिसकी वजह से कोरबा-दर्री मुख्य मार्ग को बंद कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बालको सहित अन्य क्षेत्रों से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और इसके बाद कार में लगे आग को किसी तरह काबू किया गया। कार में आग कैसे और किन परिस्थितियों में लगी है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आगजनी की घटना से कार मलिक को लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है। हालांकि इस घटना में किसी तरह की कोई जन हानि नहीं हुई है।

**खास बात**

- दर्री थाना क्षेत्र के ध्यानचंद चौक के समीप हुई घटना

### बिजली गुल होने से लोग हलाकान

**कोरबा।** जिले के अंतिम छोर में सार्वजनिक वितरण केंद्र पोडी उपरोडा अंतर्गत सैंकड़ों ग्रामों में विद्युत लाइन का जाल बिछाया हुआ है जिसमें एक सप्ताह पूर्व के तूफान आने के कारण दर्जनों बिजली खंभे उखाड़ कर टूट गए हैं। जिसके कारण सप्ताह भर से दर्जनों ग्रामों में विद्युत व्यवस्था ठप हो गया है। पसान स्टेशन से इन गांव में सप्लाई की जाती है लगभग इस आंधी तूफान से 25 से 30 खंभे गिर गए हुए थे। आठ दिनों से विद्युत विभाग की उदासीनता से विद्युत व्यवस्था चर्मा गई है उपभोक्ता दिनेश जायसवाल ने बताया कि जलके पनगवां, बेलबहरा, तलईकुंडी, मांझाबहरा, छापरपारा, तेंदूटिकरा, जमटीपारा सहित दर्जन भर ग्राम में बिजली व्यवस्था पूरी तरह बंद हो गया है जिसके कारण पेयजल की भारी समस्या बढ़ गई है। साथ ही बैंकिंग लेनदेन बाधित हो रहा है इस समस्या की शिकायत सार्वजनिक वितरण केंद्र के जेई को कई बार आवत कराया जा चुका है। किंतु मरम्मत कार्य धीमी गति से चलने के कारण आम जनमानस को भारी परेशानी की सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग के गैर जिम्मेदाराना रवैया के कारण उपभोक्ता में भारी रोस देखा जा रहा है।

## पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने मायके में की खुदकुशी, पति गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने खुदकुशी की घटना को अंजाम दिया था। कटघोरा पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही थी। जांच के उपरांत कटघोरा पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदनपुर निवासी रामकुमार अनंत जो कि मजदूरी का काम करता है। रामकुमार शराब का आदि था और वह अपनी पत्नी विमला बंजारे के साथ आए दिन लड़ाई झगड़ा व मारपीट किया करता था और पत्नी विमला को जबरजस्ती कटघोरा तहसील भाटा उसके मायके भेज दिया करता था। 12 जुलाई 2023 को रामकुमार बंजारे ने अपनी पत्नी विमला बंजारे के साथ मारपीट की और उसे पुनः मायके भेज दिया और विमला बंजारे इस घटना से क्षुब्ध होकर अपने मायके में फांसी लगाकर खुद्कुशी कर ली। मृतका विमला बंजारे के तीन संतान हैं। ज्ञात हो कि रामकुमार अनंत दूसरी पत्नी भी रखा हुआ था जिसकी वजह से पति और पत्नी में इसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ करता था। मामले में पुलिस ने पति रामकुमार अनंत के खिलाफ धारा 306 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

**खास बात**

- मामला दर्ज कर पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का
पुन:निर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

## डिलीवरी ब्वॉय पहले हुआ सड़क हादसे में घायल फिर हुआ लूट का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम औंराई निवासी विवेक कुमार चौहान उम्र 22 वर्ष पिता सबीत राम चौहान एक्सप्रेस विस्ट में काम करता है। 18 मई की दोपहर लगभग 1 बजे विवेक मौहारभांठा बेहरचुंआ सामान डिलवरी करने जा रहा था। मौहार के मोड के पास सामने से एक स्कूटी में दो लोग आये, विवेक के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिये और वहां से एक्सीडेंट कर भाग गये। विवेक सड़क में गिर गया, दायें पैर के घुटना में चोंट लगा, अपने मोटर सायकल को उठाकर विवेक वहां से बेहरचुंआ जा रहा था तो बाजार चौक के पास महंत नामक व्यक्ति विवेक को रोककर उसके साथ मारपीट करने लगा व विवेक के बैग से 37 नग सामान व उसके पास रखे एक छोटा बैग से 4462 रूपये को लेकर वहां से भाग गया। जिसके उपरांत विवेक ने घटना की जानकारी अपने परिवार वालों को एवं चाचा गजेन्द्र प्रसाद और सुपरवाईजर नीतिन कुमार को मोबाईल फोन से घटना के संबंध में बताया। विवेक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लूटेरों के खिलाफ धारा 392 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

### प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए लॉटरी और आबंटन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्राइवेट स्कूलों में आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन और भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में लॉटरी एवं आबंटन की कार्यवाही 20 मई से 30 मई तक की जाएगी। इसके बाद स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से 30 जून तक चलेगी। आरटीई के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही के लिए निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार द्वितीय चरण के लिए नये स्कूल पंजीयन आवेदन और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन कार्य 15 जून से 30 जून तक किया जाएगा। वहीं छात्र पंजीयन आवेदन 1 जुलाई से 8 जुलाई तक होगा। इसके बाद नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 9 जुलाई से 15 जुलाई तक की जाएगी।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग में नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## पार्किंग एरिया में खड़ी हैं गुमटियां, सड़क में वाहनों की पार्किंग

# फुटपाथ बनी फुलवारी, निगम नहीं कर रहा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



घंटाघर चौक के फुटपाथ में लगी फूलों की दुकान।

नगर निगम ने शहर की सौंदर्यीकरण और पैदल राहगीरों के चलने के लिए फुटपाथ का निर्माण कराया है। इस पर कब्जा कर दुकान लगाने की होड़ मची हुई है। घंटाघर से सुभाष चौक मुख्य मार्ग पर मोबाइल एसेसरीज, नर्सरी से लेकर कई कपड़े की दुकानें लगी हुई। इससे पैदल राहगीरों को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है। लोग सड़क पर चलने को मजबूर हो रहे हैं। इस मार्ग पर दोपहिया, चार पहिया, ऑटो, बस सहित अन्य वाहनों का दबाव रहता है। शाम होते ही जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। वहीं कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। बावजूद इसके अतिक्रमण को हटाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। फुटपाथ व सड़क किनारे दुकान और सामानों की प्रदर्शनी के चलते लोग खरीदी के लिए बीच सड़क पर दोपहिया, चार पहिया सहित अन्य वाहनों को खड़ी कर रहे हैं। इससे सड़क संकरी हो रही है। शहर के फुटपाथ अतिक्रमण की जद में है। इसके बावजूद नगर निगम कार्रवाई को लेकर तनिक भी गंभीर नहीं है, जिससे कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद हैं। घंटाघर के समीप यातायात का दबाव रहने के साथ साथ मुख्य मार्ग के किनारे स्टेट बैंक की शाखा संचालित होने के कारण बैंक आने वाले ग्राहकों के लिए वाहन खड़ा करने के लिए भी जगह नहीं रहती।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411